Title:Demanded statement from the government regarding UTI, Koshika Telecom, LIC and other scams.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, यूटीआई का घोटाला तो अभी तक खत्म नहीं हुआ है, गरमा रहा है, आईडीबीआई जो सरकार का संस्थान है पैसा दे करके बराबर उसको बेल-आउट कर देते हैं। एक कोशिका टेलीकॉम है जिसका लाइसेंस रद्द हो गया था। उसको 100 करोड़ रुपया कर्जा दे दिया। इसी तरह से आईएफसीआई भी घपले में जा रहा है। हाल ही में पैसा देकर उसको भी बेल-आउट किये हैं। एलआईसी का भी वही हाल है। आईडीबीआई, आईएफसीआई, यूटीआई सब संस्थान घाटे में जा रहे हैं और नॉन-परफोर्मिंग एसेट्स जो पहले 62 हजार करोड़ रुपये था बढ़कर 80 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यह पैसा कौन खा रहा है और कौन दिला रहा है ? तहलका कांड में बताया गया कि कौन दलाली करता है और कौन कितना रुपया लेकर के कर्जा दिला रहा है। ये धन लोलुप लोग, देश के पूंजीपति और उद्योगपति गरीब का पैसा, देश का पैसा जो जमा है उसको ले लेकर खा रहे हैं। सरकार इस पर जवाब दे, नहीं तो हमारा आरोप सही है।

यह लोग देश को लूटने में लगे हैं। गरीब देश की हालत चौपट हो रही है। अभी हाल ही में इंटरनेशनल एजेंसी स्टैंडर्ड ऐंड पुअर्स ने जो रेटिंग की, उसने कहा है कि हिन्दुस्तान की आर्थिक हालत खराब है। हम इस बारे में सरकार से वक्तव्य चाहते हैं। मैं इसकी सदन को जानकारी दे रहा हूं। ऐसा न हो कि बाद में मंत्री कहें कि हम इस बारे में जानते नहीं हैं। कोशिका टेलीकॉम का लाइसेंस रद्द होने के बाद भी उसे सौ करोड़ रुपए कैसे मिल गए? सरकार इस बारे में बयान दे। नहीं तो हम त्याग पत्र मांगेंगे। फिर बाद में ये कहेंगे हम त्यागपत्र नहीं देंगे। हमने आपको जानकारी दी है। आप हमें इस बारे में बताएं कि क्या हुआ? कहा गया है यह ऑटोनमस बॉडी है। आप ऑटोनमस के नाम पर बेखबर रहते हैं और गलत बयान देते हैं। लूट जारी है, भ्रटाचार जारी है और घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं। घोटाले कब तक होंगे? शेयर घोटाला, यूटीआई घोटाला और एलआईसी घोटाला हुआ। सरकार इस बारे में बयान दे। नहीं तो सब कहेंगे कि यह घोटाले वाली सरकार है। आज गरीब मर रहा है और पूंजीपति मालामाल हो रहे हैं। हिन्दुस्तान की प्रतिठा खत्म हो रही है और वित्तीय हालत चौपट हो रही है। सरकार इस बारे में बयान दे। नहीं तो यह साबित हो जाएगा कि यह घोटाले वाली पार्टी है, ये घोटाले के सरदार हैं, घोटाले कराते हैं और देश को लुटवाते हैं। हमने देश को बचाना है। सारा विपक्ष मिल कर इन्हें धक्का देना वाला है। यूपी में इनकी सरकार जाने वाले हैं। यूपी में इनकी सरकार के जाने के बाद यहां भी इनकी सरकार चली जाएगी।